## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ को मिलेगा जेआरडी टाटा पुरस्कार : मुख्यमंत्री को न्यौता

रायपुर (आरएनएस)। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को जेआरडी टाटा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को पापुलेशन फाउण्डेशन ऑफइण्डिया की कार्यकारी निदेशक पूनम मुखर्जी ने पुरस्कार ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि पुरस्कार समारोह नई दिल्ली में 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। पुरस्कार के लिए छत्तीसगढ़ का चयन 'हाईफेकस लार्ज स्टेट' की श्रेणी में किया गया है। पुरस्कार के रूप में 10 लाख रूपए की धनराशि दी जाएगी।

### औचक निरीक्षण करने गंगरेल डैम पहुंचे बृजमोहन

#### जल संसाधन बृजमोहन ने लिया जल भराव का जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश भर में हो रही भारी वर्षा के बीच आज प्रदेश के जल संसाधन व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जल भराव का जायजा लेने धमतरी स्थित पंडित रविशंकर जलाशय(गंगरेल डैम) पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि गंगरेल डेम में जल भराव काफी तेजी से हो रहा है। आवश्यकतानुसार गेट खोले जा रहे है। अफसरों को हर घंटे मॉनिटरिंग करने और अवगत कराने के निर्देश दिए है। साथ ही यह भी कहा है कि जल भराव बढ़ने की स्थिति में नदियों में पानी छोड़ने के अलावा नहरों में भी पानी छोड़ा जाए ताकि किसानों के लिए पानी की उपलब्धता बनी रही। उन्होंने बताया कि पानी छोड़े जाने को लेकर क्षेत्र से सम्बद्ध जिलों के कलेक्टर को जानकारी दिये जाने के निर्देश दिए है। उड़ीसा भी यहा का पानी जाता है, वहा भी इसकी सूचना बराबर दिये जा रहे है। श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में बाढ़ जैसी स्थिति से निबटने कर लिए इंतिजाम पूरे है। जहां पर लोगों को नुकशान होगा वहा पर आरबीसी 6/4 के तहत सरकार उन्हें मुआवजा सरकार प्रदान करेगी।

### 1 सितंबर की महारैली और 7 सितंबर के अनिश्चित कालीन हड़ताल में छ.ग. लिपीक वर्गीय कर्मचारी संघ के सदस्य भाग नहीं लेंगे- संजय सिंह

राजनांदगांव (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लिपिकीय वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ 079 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय दिनांक 08-08-2018 को लिपिकों के वेतन विसंगति दूर करने हेतु पारित निर्णय की प्रति क्रियान्वयन हेतु प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को सौपा गया है। जिसके सन्दर्भ में शासन द्वारा न्यायालय निर्णय अनुसार लिपिकों के वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन निर्धारित समय - सीमा 3 माह के अन्दर करने का दिया गया है। अतः निर्धारित समय - सीमा तक शासन आदेश का सभी लिपिक भाईयों को इंतजार करना होगा। अतः न्यायालय निर्णय के परिपेच्छ में वर्तमान में किसी प्रकार के आन्दोलन में भागीदारी में संघ के सदस्य द्वारा नहीं लिये जाने का निर्णय किया गया है।

### फेसबुक में फोटो वायरल कर पत्नी को बदनाम करने की धमकी

रायपुर (आरएनएस)। पत्नी की फोटो के साथ किसी दूसरे आदमी का फोटो जोड़कर तथा फेसबुक में अपलोड कर देने की धमकी देने वाले आरोपी पति के खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### आवारा कुत्तों ने 6 लोगों को किया घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक से शहरवासी निगम से खासा नाराज हैं। दो महीने पहले जहां आवारा कुत्ते के काटने से 6 से ज्यादा बच्चे घायल हुये थे, आज फिर इसी तरह की घटना की पुनरावृत्ति हुई है। कोर्ट के एक कर्मचारी राकेश दास कुत्ता के काटने के चलते घायल हो गए हैं। इसी तरह की दूसरी घटना तिरंगा चौक अम्बेडकर वार्ड में हुई, जहां कुत्ते ने एक बच्चे को काटा। इसके अलावा अभय तिवारी नामक व्यक्ति भी घायल हैं। सभी 6 घायलों का इलाज महारानी अस्पताल में किया गया।

### लंबे अंतराल के बाद जगदलपुर विमान सेवा शुरू

रायपुर। लंबे अंतराल के बाद जगदलपुर विमान सेवा एक बार फिर शुरू हो गई है। मंगलवार सुबह विमान को भुवनेश्वर से रायपुर एयरपोर्ट लाया गया जिसके बाद जगदलपुर के लिए रवाना हुई। डेढ़ महीने के अंतराल के बाद आज इसे पुनः प्रारंभ किया गया है। जिसमे केवल 2 पैसेंजर मिले।

### पेट्रोल पम्पों में डंडी मारने का खेल जारी, उपभोक्ताओं की कट रही जेब

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के ज्यादातर पेट्रोल पम्पों में डंडी मारने का खेल चल रहा है। जिससे उपभोक्ताओं की जेब कट रही है। पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों द्वारा पेट्रोल भरने पहुंचने वाले दोपहिया वाहनों में डंडी मारते हुए पेट्रोल डाल रहे है।

# हीरा आरआर इस्पात को लगाया 2.60 करोड़ की चपत

## दिल्ली के दो लोगों पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर में संचालित हीरा आरआर इस्पात कंपनी को 2 करोड़ 60 लाख रूपए से अधिक की चपत लगाने वाले दो लोगों के खिलाफ देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी विनोद पिल्लई पिता स्व. केजी पिल्लई 51 वर्ष निवासी हीरा आरकेट पंडरी ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 1 जुलाई 2014 से लेकर 28 अगस्त 2018 के मध्य पगारिया काम्पलेक्स पंडरी बस स्टैण्ड में आरोपी प्रदीप कुमार अदलखा निवासी 44 ए बकेट बी.




विकासपुरी एक्सटेंशन नई दिल्ली व अन्य ने स्वयं को मेसर्स कोनाल ईम्प्रेस ज्योति मार्केट गांधी गली फतेहपुर दिल्ली एवं मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल प्रथम तल गांधी गली फतेहपुर दिल्ली का स्वामी बताकर प्रार्थी के हीरा आरआर इस्पात कंपनी से एचबी वायर एवं एमबी वायर खरीदी का आर्डर किया। आर्डर के अनुसार कंपनी प्रबंधन ने आरोपियों के पते पर 1 करोड़ 13 लाख 36570 रूपए का माल भेजा।

इसी तरह एक अन्य मामले में प्रार्थी की कंपनी ने आरोपी तरूण सेठी जो कि स्वयं को मेसर्स भगवती इंटर प्राइजेस का स्वामी बताकर शॉप नंबर 19 प्रथम तेल नेताजी मार्केट सिटी पीएस पास ग्रेटर रोड पानीपथ हरियाणा के पते पर प्रार्थी की कंपनी से एचबी वायर एवं एमबी वायर के लिए 1 करोड़ 46 लाख 75367 रूपए का माल मंगाया था। कंपनी प्रबंधन ने उक्त पते पर भी करोड़ों का माल सप्लाई किया। इसके बाद आरोपियों ने भुगतान न करते हुए कंपनी के साथ धोखाधड़ी किया। प्रार्थी ने दोनों ही कंपनियों के मालिकों पर 2 करोड़ 60 लाख 12 हजार 207 रूपए धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए नामजद शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### दीपांशु काबरा ने संभाला कार्यभार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर रेंज के नए आईजी दीपांशु काबरा ने बुधवार को अपना कार्यभार संभाला।

कार्यभार संभालते हुए श्री काबरा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य पुलिस व लोगों के बीच तालमेल बनाकर रायपुर रेंज के सभी शहरों में शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

ज्ञात हो कि रायपुर रेंज के आईजी प्रदीप गुप्ता ने अपने कार्यभार को नए आईजी दीपांशु काबरा को सौंपा। इस दौरान आईजी ऑफिस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमरेश मिश्रा सहित सभी सीएसपी मौजूद थे।

## मजदूरों को टिफिन बांटकर छल कर रही राज्य सरकार : डॉ. चरणदास महंत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्य सरकार मजदूरों को टिफिन बांट रही है, मगर राज्य सरकार यह बताने में असमर्थ है कि मजदूरों-गरीबों के टिफिन में खाना कहां से आएगा?

डॉ. महंत ने मीडिया रिपोर्टो के हवाले से कुछ आंकड़ों का हवाला दिया है। डॉ महंत ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मनरेगा की स्थिति काफी दयनीय है। 2014.15 में मनरेगा का खर्च 220 करोड़ से घटकर जहां 166 करोड़ हो गया वहीं एक साल में



100 दिन के रोज़गार का औसत भी घटकर 40 दिन रह गया है। यही कारण है कि ग्रामीण रोज़गार मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने छत्तीसगढ़ सरकार को भेजे पत्र में न सिर्फ गहरी नाराज़गी जताई है बल्कि काम में सुधार करने कहा है। संयुक्त सचिव ने 13 बिंदुओं के पत्र में रेखांकित किए थे और सिलसिलेवार तरीके से राज्य को यह बताया है कि कहां-कहां राज्य पिछड़ा हुआ है . छत्तीसगढ़ में कार्य दिवस यानि रोजगार पैदा करने का औसत महज 68 प्रतिशत है जबकि काम पूरा करने का औसत केवल 3 प्रतिशत है। राज्य में मज़दूरों को समय पर मज़दूरी देने का औसत भी महज 14 प्रतिशत है जबकि 86 प्रतिशत लोगों को मजदूरी 15 दिन या उससे भी देर से मिलती है। मोदी की सरकार के गठन के बाद मनरेगा पर 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुआ फिर भी कार्य दिवसों की संख्या में भारी कमी आ गई। 2007.08 में योजना की शुरुआत के बाद कार्यदिवसों की मांग महज 143 करोड़ थी, इसके बाद इसमें लगातार बढ़ोत्तरी होती रही। 2011-12 में कुल कार्य दिवसों की संख्या का अनुमान 200 करोड़ दिन लगाया था जबकि मांग 219 करोड़ रही।

### चेकिंग के दौरान कार से 87 लाख बरामद, सवार 3 कारोबारियों से पूछताछ

महासमुंद (आरएनएस)। सिंघोड़ा पुलिस ने मंगलवार रात करीब 10 बजे थाने के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से भारी मात्रा में नगदी लेकर जा रहे तीन कारोबारियों को पकड़ा। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस रात में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संबलपुर की ओर से शोल्ड वाहन में पहुंचे तीन कारोबारियों के वाहन की जांच की गई तो कार से करीब 87 लाख रूपए नगद बरामद हुए।

बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान कारोबारी नगद रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाएं।

### सीआईएसएफ के दो जवानों को डेंगू

कोरबा (आरएनएस)। एसईसीएल के गेवरा-दीपका खदान की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती है। यहां बल में तैनात कुछ जवान 15 अगस्त की जनरल ड्यूटी में दिल्ली गए थे। जहां से दीपका लौटने के बाद उनमें से दो जवान दिलहरण व चंदन सिंह को बुखार हो गया। इलाज के बाद भी उनकी हालत नहीं सुधरी। बल्कि उनके लक्षण डेंगू की तरह दिखे। गेवरा एनसीएच में उन्हें दाखिल कराया गया। जहां जांच में उनके डेंगू पॉजिटिव होना पाया गया। सीआईएसएफ बैरक के दो जवान सोमवार को एनसीएच पहुंचे। जिनमें से एक सामान्य बुखार का मरीज मिला। वहीं दूसरे के लक्षण को देखकर उसे संदिग्ध मरीज मानते हुए भर्ती कर लिया गया है। जांच के



लिए उसका सैंपल लिया गया है। डेंगू को लेकर पूरे जिले में अलर्ट जारी किया गया है।

नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल एनसीएच गेवरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मिथलेश प्रसाद ने बताया कि बुखार के मरीजों की डेंगू जांच के लिए सैंपल लेकर बाहर भेजा जा रहा है। हॉस्पिटल में सीआईएसएफ के 3 जवान भर्ती किए गए हैं। जिनमें से दो डेंगू पॉजीटिव मिले हैं। तीसरे पर संदेह है इसलिए उसका सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। लोगों से अपील है कि बुखार होने पर लापरवाही न बरतें। डॉक्टर से जरूर परामर्श लें।

### फरार ईनामी आरोपी क्राईम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

भिलाई (आरएनएस)। जिले में पुराने शातिर बदमाश अपराधियों एवं फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ.संजीव शुक्ला के निर्देशन में क्राईम ब्रांच एवं सभी थानों में पुराने शातिर बदमाश अपराधियों व फरार वारंटियों के धरपकड़ के विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है विशेष अभियान के दौरान क्राईम ब्रांच को सन 2017 से फरार आरोपी को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली थाना खुर्सीपार की प्रार्थिया श्रीमती कला देवी पति कृष्णा प्रसाद चौधरी साकिन ए 1 सड़क एनपीए रोड जोन-3 खुर्सीपार को नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख रुपए लिया था धोखाधड़ी की रिपोर्ट पर थाना खुर्सीपार में अपराध क्र.-261/2017 धारा 420 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी की पतासाजी करने पर सन् 2017 से फरार आरोपी आदित्य सोनी पिता मोहन प्रसाद सोनी उम्र 30 साल साकिन तालपुरी भिलाई नगर जो धोखाधड़ी के प्रकरण में घटना दिनांक से फरार था आरोपी धोखाधड़ी करने के बाद इधर उधर लुक छिप कर रह रहा था कि मुखबिर से सूचना मिली की फरार आरोपी आदित्य सोनी रक्षाबंधन त्यौहार में घर आया हुआ है आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर बताया कि नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख रुपए धोखाधड़ी किया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपी को पकड़ने या पकड़वाने पर 3000 रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया गया था।

## संतान की दीर्घायु के लिए हलषष्ठी का व्रत माताएं करेंगी 1 सितंबर को

रायपुर (आरएनएस)। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता श्री बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन श्री बलरामजी का जन्म हुआ था। यह व्रत संतान की लम्बी आयु के लिए माताओं द्वारा रखा जाता है। हलषष्ठी की व्रतकथा निम्नानुसार है प्राचीन काल में एक ग्वालिन थी। उसका प्रसवकाल अत्यंत निकट था। एक ओर वह प्रसव से व्याकुल थी तो दूसरी ओर उसका मन गौ-रस (दूध-दही) बेचने में लगा हुआ था। उसने सोचा कि यदि प्रसव हो गया तो गौ-रस यूं ही पड़ा रह जाएगा। यह सोचकर उसने दूध-दही के घड़े सिर पर रखे और बेचने के लिए चल दी किन्तु कुछ दूर पहुंचने पर उसे असहनीय प्रसव पीड़ा हुई। वह एक झरबेरी की ओट में चली गई और वहां एक बच्चे को जन्म दिया। वह बच्चे को वहीं छोड़कर पास के गांवों में दूध-दही बेचने चली गई। संयोग से उस दिन हल षष्ठी थी। गाय-भैंस के मिश्रित दूध को केवल भैंस का दूध बताकर उसने सीधे-सादे गांव वालों में बेच दिया। उधर जिस झरबेरी के नीचे उसने बच्चे को छोड़ा था, उसके समीप ही खेत में एक किसान हल जोत रहा था। अचानक उसके बैल भड़क उठे और हल का फल शरीर में घुसने से वह बालक मर गया।

## अटल नगर छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता के सपनों का शहर - मुख्यमंत्री डॉ. सिंह

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज शाम यहां अटल नगर (नया रायपुर) में टाइम स्क्वेयर (शॉपिंग माल) का लोकार्पण किया। अटल नगर के सेक्टर 19 में स्थित इस पांच मंजिले शापिंग माल में बैंक आफिस, होटल सहित अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। यह मंत्रालय और अन्य विभागों के कार्यालय के समीप है। इस शापिंग माल को एक प्रायवेट व्यावसायिक संस्थान के द्वारा विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस



अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि नया रायपुर को अब अटल नगर के रूप में नई पहचान मिलेगी। यह छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ जनता के सपनों का शहर है। उन्होंने कहा कि यह नगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्मार्ट सिटी की कल्पना के अनुरूप योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जा रहा है।

### भारतीय वन सेवा के पांच अफसरों का तबादला

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा भारतीय वन सेवाके पांच अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। जिनमें राजेश गोवर्धन प्रबंध संचालक छग राज्य विकास निगम रायपुर को अपर प्रबंध संचालक छग राज्य वन विकास निगम लिमिटेड रायपुर। आर.बी.पी. सिन्हा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एससीएल बिलासपुर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक छग नया रायपुर।

जेएसीएस राव अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) नया रायपुर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण कार्यालय नया रायपुर। शैलेन्द्र कुमार सिंह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण कार्यालय नया रायपुर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छग नया रायपुर।

# इंटकवेल के वाल्व में कचरा फंसने से दो दिन से जलापूर्ति प्रभावित

## 7 में से 5 टंकियां जलावर्धन योजना पर आश्रित, टंकियों को भरने अन्य विकल्प नहीं

महासमुंद (आरएनएस)। शहर में जलापूर्ति के लिए 7 टंकी बनाई गई है जिसमें से 5 टंकी जलावर्धन योजना पर निर्भर है पर महानदी में पानी का बहाव तेज होने से इंटकवेल के वाल्व में पानी न आने से जलापूर्ति पिछले दो दिनों से प्रभावित है। पालिका के पास इन पानी टंकियों को भरने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

यही वजह है कि शहर के 30 में से 22 वार्ड के नागरिकों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। वर्षाकाल होने के कारण अधिक पानी की आवश्यकता इस समय नहीं पड़ती, यदि ग्रीष्मकाल के दौरान जलावर्धन योजना में किसी प्रकार की समस्या से जलापूर्ति न हो पाए तो पानी के लिए शहर में हाहाकार मच सकता है। ऐसी स्थिति में पालिका को उक्त टंकियों को भरने के लिए स्थायी व्यवस्था करने की जरूरत है। शहर में जलापूर्ति के लिए लगभग 25 करोड़ की लागत से निर्मित महानदी जलावर्धन योजना में यदि कोई खराबी आती है तो वर्तमान स्थिति में नगर के 24 वार्ड के निवासियों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। क्योंकि पालिका क्षेत्र में निर्मित 5 पानी टंकियों में महानदी जलावर्धन योजना द्वारा ही जलभराव किया जाता है। इस विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पालिका के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। शहर की करीब 60-65 हजार आबादी को जलापूर्ति नगर में निर्मित 7 पानी टंकियों से किया जाता है आज की स्थिति में इन सात में से पांच पानी टंकियों में जलभराव महानदी जलावर्धन योजना द्वारा होता है बाद इन पानी टंकियों से जलापूर्ति विभिन्न वार्डों में की जाती है। रविवार-सोमवार को हुई लगातार बारिश और गंगरेल बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण महानदी का जल स्तर बढ़ गया था जिससे बेलसोंडा स्थित इंटेकवेल के वाल्व